आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 01.06.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल का 25वां संस्करण आज मनाया जा रहा है।
- लेफ्टिनेंट कर्नल देवेन्द्र सिंह राणा होंगे अंडमान निकोबार कमान के अट्ठारहवें कमांडर–इन–चीफ।
- सांसद बिष्णु पद रे ने लैंड कन्वर्जन एंड डायवर्सन मुद्दे को उप–राज्यपाल के समक्ष उठाया।
- श्री विजयपुरम में द्वीप नारियल महोत्सव उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

<><><><><><><>

फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल पहल के 25वें संस्करण को आज पूरे देश में एक विशेष तिरंगा रैली के रूप में मनाया जाएगा। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया राष्ट्रीय राजधानी में इस विशेष संस्करण का नेतृत्व करेंगे। युवा मामले और खेल मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि 3 जून को विश्‍व साइकिल दिवस के साथ, आज का कार्यक्रम न केवल फिटनेस में साइकिल की बड़ी भूमिका के संदेश को पुष्ट करेगा, बल्कि भारत के सशस्त्र बलों के लिए एक सामूहिक श्रद्धांजलि के रूप में भी काम करेगा। बयान में कहा है कि देश भर में दो हजार से अधिक स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

<><><><><><><>

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, फार्मास्यूटिकल्स विभाग के सहयोग से आज जन औषधि केंद्र अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम शुरू करेगा। इस 15 दिवसीय कार्यक्रम के तहत, देश भर के प्रत्येक जिले में पांच जन औषधि केंद्रों पर पांच युवा स्वयंसेवकों को तैनात किया जाएगा। स्वयंसेवकों को कई तरह की जिम्मेदारियां दी जाएंगी, जिनमें दैनिक संचालन में सहायता करना, दवा प्रबंधन, जेनेरिक दवाओं और सार्वजनिक स्वास्थ्य साक्षरता के बारे में जागरूकता बढ़ाना शामिल है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य व्यावहारिक शिक्षण को बढ़ावा देने के साथ ही सेवा, अनुशासन और समुदाय–उन्मुख व्यावसायिकता के मूल्यों को भी बढ़ाना है। यह पहल युवा विकास और सार्वजनिक स्वास्थ्य आउटरीच के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी बनाएगी, साथ ही प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना की पहुंच को भी बढ़ाएगी ।

<><><><><><><>

लेफ्टिनेंट कर्नल देवेन्द्र सिंह राणा अंडमान निकोबार कमान के अट्ठारहवें कमांडर–इन–चीफ के रूप में पदभार संभालेंगे। आई एन एस उत्क्रोश में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नए होने वाले

कमांडर–इन–चीफ सेना, नौसेना, वायु सेना और तटरक्षक बल से मिलकर बनी संयुक्त सेवा कमान का नेतृत्व करेंगे।

<><><><><><>

सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस की अंडमान निकोबार राज्य कमेटी ने हाल ही में ”ट्रेड यूनियन अधिकार” पर एक सेमिनार आयोजित कर सीटू स्थापना दिवस मनाया। सेमिनार की अध्यक्षता सीटू के उपाध्यक्ष डी. अय्यप्पन ने किया। उन्होंने सीटू के गठन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि द्वीपसमूह में सीटू श्रमिकों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर व्यापक अभियान चला रहा है, जिसका समापन नौ जुलाई को होगा। सीटू राज्य समिति के महासचिव बी. चंद्रचूड़न ने भी विचार रखे।

<><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने लैंड कन्वर्जन एंड डायवर्सन से संबंधित मुद्दों को उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी के समक्ष उठाया है। उपराज्यपाल को लिखे अपने पत्र में सांसद ने लैंड कन्वर्जन एंड डायवर्सन से संबंधित लंबित आवेदनों के समाधान के लिए तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया है। सांसद ने इस संबंध में गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय के जवाब का हवाला देते हुए बताया कि इस मुद्दे पर उचित कार्रवाई करने की जिम्मेदारी केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन की है। गृह मंत्रालय ने प्रशासन को सभी लंबित लैंड कन्वर्जन एंड डायवर्सन मामलों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित करने का निर्देश पहले ही दे दिया है। सांसद ने इस बात पर जोर दिया कि इन आवेदनों का शीघ्र निपटान बुनियादी ढांचे के विकास, निजी निवेश, आवास और अन्य आवश्यक सेवाओं को सक्षम करने के लिए महत्वपूर्ण है, जो भूमि अनुमोदन पर निर्भर है।

<><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने उपराज्यपाल और प्रशासन के समक्ष बुजुर्ग, विधवा, दिव्यांगता और निराश्रित व्यक्ति के सामाजिक सुरक्षा भत्ते का मुद्दा उठाया है। सांसद ने कहा है कि पिछले सात वर्षों में जीवन यापन की बढ़ती लागत के बावजूद, इन महत्वपूर्ण सहायता योजनाओं में कोई वृद्धि नहीं की गई है। उन्होंने साठ वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों के लिए मासिक भत्ता बढ़ाकर पांच हजार रूपये और 80 वर्ष से अधिक आयु वालों के लिए छः हजार रूपये करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने बताया कि दक्षिण अंडमान की जिला योजना समिति की बैठक के दौरान इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई और आय मानदंड में संशोधन सहित इन भत्तों को बढ़ाने के लिए सर्वसम्मति से सिफारिश की गई। पेंशन वितरण में देरी पर चिंता

जताते हुए सांसद ने कहा कि कई लाभार्थियों को प्रशासनिक और तकनीकी मुद्दों के कारण कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से अनुरोध किया है कि वे भत्तों का समय पर वितरण सुनिश्चित करें, ताकि लाभार्थियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। सांसद ने प्रशासन से इस मामले में त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

द्वीप नारियल महोत्सव के दूसरे दिन प्रदर्शनी मैदान में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। लोगों ने स्टॉल में जाकर नारियल से बने विभिन्न खाद्य उत्पादों और वस्तुओं का अवलोकन किया। इन स्टॉलों के माध्यम से स्वादिष्ट व्यंजनों से लेकर कारीगरों के शिल्प तक द्वीपों के सांस्कृतिक और आर्थिक जीवन में नारियल की अभिन्न भूमिका पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन किए गए, जिसमें से दस को सर्वश्रेष्ठ चुना गया। आज महोत्सव का अंतिम दिन है।

<><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा विभाग द्वारा बत्तख पालन के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया गया। बत्तख पालन से किसानों की आय में जहां बढ़ोत्तरी होगी, वहीं इससे द्वीपसमूह में इसकी लोकप्रियता को लेकर अन्य किसानों में भी जागरूकता फैलेगी। इसमें पर्यटन विभाग द्वारा भी सहयोगात्मक रवैया अपनाया जा रहा है। किसानों को सहयोग करने के लिए द्वीपों के सभी हिस्सों में स्थित बत्तख फार्म अच्छी गुणवत्ता वाले अंडे और मांस की आपूर्ति कर रहा है। हाल ही में निकोबार क्षेत्र में बत्तख पालन के प्रति मांग को देखते हुए बत्तख पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

<><><><><><><>

लिटिल अंडमान में हाल ही में खाद्य पोषण, स्वास्थ्य एवं वाश और जेंडर इंटरवेंशन तथा लोकोस पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्था और शहरी निकाय निदेशालय द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना – राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जेंडर इंटरवेंशन, लोकोस फ्रेमवर्क, सी आर पी और बुककीपर्स के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

<><><><><><><>

मुख्यभूमि के विभिन्न संस्थानों में पेशेवर तकनीकी और गैर तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए द्वीपसमूह के विद्यार्थियों के लिए सीटें आरक्षित की गई है। बी डी एस, बी ए एम एस, होटल प्रबंधन, बी एस सी बी एड, जनरल नर्सिंग, बी एस सी नर्सिंग, बी ई, बी टेक, मल्याली मूल के विद्यार्थियों के लिए एम बी बी एस और बी ए एम एस पाठ्यक्रमों के अलावा डिप्लोमा और पी जी की राज्यवार सीटें आरक्षित हैं। इस सम्बंध में शिक्षा विभाग की ओर से इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए द्वीपो के विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। भारत सरकार की गृह मंत्रालय की ओर से जारी श्रेणीवार निर्देश के तहत ही सीटों का आवंटन किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन 21 जून की शाम पांच बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। उम्मीदवारों से आवेदन फार्म भरने के लिए निर्देशों का पालन करने और अच्छी तरह से जानकारी हासिल करने को कहा गया है।

**<><><><><><><>**